## संपादकीय

# न्यायिक सक्रियता का आगाज

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है।

पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है।

इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा।

यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े।

पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि 'कोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरुद्ध ही नहीं, समाज के विरुद्ध भी होता है।' क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

# सभी एंड्रॉयड फोन को मिलेंगे प्रीमियम फीचर्स, जानिए गूगल के मेगा इवेंट की ये बड़ी घोषणाएं

**नई दिल्ली**

गूगल का एनुअल डेवलपर कॉन्फ्रेंस 'गूगल I/O 2024' 14 मई को हुआ। कंपनी के CEO सुंदर पिचई ने इस इवेंट की शुरुआत की। कंपनी ने इस साल कोई नया डिवाइस लॉन्च नहीं किया है बल्कि वह यूजर्स की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए AI फीचर्स पर काम कर रही है।

यह इवेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित रहा। इस इवेंट में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि दुनिया में 2 अरब से अधिक लोग एआई टूल Gemini का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा 1.5 मिलियन डेवलपर्स Gemini APIs का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस इवेंट में कई ऐसी घोषणाएं हुईं जो एंड्रॉयड यूजर्स के



लिए किसी तोहफे से कम नहीं हैं। आइए जानते हैं कि Google I/O 2024 की बड़ी घोषणाओं के बारे में।

**AI-पॉवर्ड सर्च (AI-Powered search)-** एंड्रॉइड के 'सर्किल टू सर्च' फीचर के दायरे को गूगल अब और बढ़ा रहा है। Google के अनुसार, यह सुविधा 100 मिलियन से अधिक डिवाइसों पर उपलब्ध है, और आगे इसे और बढ़ाया जाएगा। पहले इस फीचर के जरिए आप एंड्रॉइड फोन की स्क्रीन पर किसी भी चीज को सर्किल कर गूगल पर सर्च कर सकते थे, पर अब इसके जरिये मैथ-फिजिक्स की प्रॉब्लम्स को हल करने के ट्रिक भी बताए जाएंगे। यह टूल उपयोगकर्ताओं को सेकंड में 'AI-Powered search' तक पहुंचाता है।

**जेमिनी AI 68 लैंग्वेज को सपोर्ट करेगा-** गूगल ने 'जेमिनी' को AI सपोर्टर के रूप में पेश किया है जो आपके डिवाइस पर सभी एप्लिकेशन पर काम करता है। AI जेमिनी 1.5 प्रो को डॉक्स, शीट्स, स्लाइड्स, ड्राइव और जीमेल जैसे वर्कस्पेस ऐप्स के दाहिनी तरफ साइडबार में सेट किया गया है। इसकी पहुंच आपकी सारी सेव की गई डिटेल्स तक होगी। जैसे- अगर आप कोई कोई वीडियो देख रहे हैं, तो जेमिनी उस विडियो से संबंधित आपके प्रश्नों का उत्तर दे सकेगा। इसकी शुरुआत साल के अंत तक गूगल पिक्सल के डिवाइस से हो सकती है। गूगल मीट में जेमिनी AI 68 लैंग्वेज को सपोर्ट करेगा। इसके अलावा, गूगल वर्कस्पेस में जेमिनी-पावर्ड फीचर्स मिलेंगे। अल्फाबेट ने गूगल वर्कस्पेस के लिए जेमिनी-पावर्ड साइडबार की घोषणा की है। जेमिनी 1.5 प्रो को अब ग्लोबल लेवल पर डेवलपर्स के लिए अवेलेबल कर दिया गया है।

**ऑन-डिवाइस AI (On-Device AI)-** गूगल ने यूजर्स की निजी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए फोन में सेंसिटिव इनफार्मेशन को बेहतर ढंग से सुरक्षित रखने के लिए ऑन-डिवाइस AI क्षमताओं को भी बढ़ा रहा है। Google ने कहा है कि इससे डेटा प्रोसेसिंग डिवाइस पर स्थानीय रूप से होती है, जिससे सुरक्षा और गोपनीयता बढ़ती है।

**रियल-टाइम स्कैम प्रोटेक्शन बचाएगा फ्रॉड से-** गूगल अपने करोड़ों यूजर्स के लिए इस समय ऐसे फीचर पर काम कर रहा है जो यूजर्स को संभावित स्कैम के बारे में अलर्ट कर सकता है। रियल-टाइम स्कैम प्रोटेक्शन के तहत आपको फ्रॉड से बचने में मदद मिलेगी। जैसे अगर आपको स्पैम कॉल्स आते है तो आपका डिवाइस आपको रियल टाइम में उस संदिग्ध की पहचान कर आपको इसके लिए सावधान कर सकता है। यानी इस सुविधा से आपको साइबर फ्रॉड से सुरक्षा मिलेगी।

**फोटोज के कलेक्शन और स्टोरीज-** गूगल सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के साथ जबरदस्त सर्विस पेश कर रहा है। अब आपको अपने डिवाइस में जल्दी ही नया फीचर 'आस्क फोटोज' मिलेगा। इसमें आप अपने किसी स्पेशल मोमेंट और एक्सपेरिएंस वाली फोटोज को एकसाथ देख सकेंगे। जैसे अगर आप 'मेरी बेटी की शादी' ढूंढते हो तो यह फीचर वह जेमिनी का इस्तेमाल करके आपकी बेटी कि शादी की सभी फोटोज खोज कर उसे एक साथ कलेक्ट कर आपके सामने रख देगा।

**जेनरेटिव AI वीडियो मॉडल Veo-** गूगल ने अपने सबसे एडवांस टेक्स्ट टू वीडियो जेनरेशन मॉडल 'जनरेटिव AI वीडियो मॉडल Veo' को पेश किया है। यह HD क्वालिटी में सिनेमेटिक वीडियो बना सकता है। यानी अब आप अपने phone में सिनेमा की क्वालिटी वाले वीडियोज भी बन सकेंगे। इसके लिउए कंपनी ने कई फिल्म मेकर्स और क्रिएटर्स को बुला रही है। गूगल का कहना है है कि यह मॉडल 60 सेकेंड से भी ज्यादा लंबे वीडियो बना सकता है। VEO इतना ज्यादा एडवांस है कि यह एरियल शॉट और टाइमलैप्स जैसे शब्दों को भी समझता है।

## भारतीय इकाई में 1,660 करोड़ रुपए निवेश करेगा अमेजन

**नई दिल्ली**

वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपनी भारतीय इकाई में 1,660 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। कंपनी की ओर से शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी सामने आई है। अमेजन द्वारा भारतीय इकाई में निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है, जब बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में बाजार हिस्सेदारी को लेकर कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यह पांच महीनों में दूसरी बार है, जब अमेजन की ओर से अपनी भारतीय इकाई में निवेश किया जा रहा है। इससे पहले अमेजन ने 830 करोड़ रुपये भारतीय इकाई में निवेश किए थे। कुछ समय पहले वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। फ्लिपकार्ट, अमेजन का प्रमुख प्रतिद्वंद्वी है। कंपनी ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि 1,660 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। इसके बदले में 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 166 करोड़ शेयर मौजूदा शेयरधारकों को जारी किए जाएंगे। ई-कॉमर्स भारत में तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल भारत में 24 करोड़ के करीब लोग ई-कॉमर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं और 2030 तक 21 करोड़ नए यूजर्स जुड़ने की संभावना है।

## फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर में बड़ी गिरावट, ईएसओपी के ऐलान ने निवेशकों को किया निराश

**मुंबई**

फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर में कारोबारी सत्र में बड़ी उथल-पुथल देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गया और दोपहर एक बजे तक करीब 2.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। शेयर में गिरावट की वजह चालू वित्त वर्ष में कंपनी की लागत में बढ़ोतरी होना है।




जोमैटो की ओर से सोमवार को वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया गया। नतीजों के बाद कमेंट्री में प्रबंधन ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष में ब्लिंकिट का नेतृत्व कर रही टीम और उसके वरिष्ठ कर्मचारियों को कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ईएसओपी) दिए जाने के कारण लागत में इजाफा हो सकता है।

बीते सोमवार, जोमैटो की ओर से वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। कंपनी ने 175 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल समान अवधि में कंपनी को 188 करोड़ का नुकसान हुआ था।

फूड डिलीवरी कंपनी की ओर से बताया गया कि उसने कर्मचारियों को 18.2 करोड़ शेयर ईएसओपी के रूप में जारी करने को लेकर शेयरधारकों से अनुमति मांगी है। मौजूदा मार्केट वैल्यू के मुताबिक, इनकी कीमत करीब 3,500 करोड़ रुपये होती है।

## पंजाब के खिलाफ जीत राजस्थान का आत्मविश्वास बढ़ाएगी और वह शीर्ष दो में पहुंच जाएगी : रायुडू

**नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को लगता है कि पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत मिलने से लगातार तीन हार के बाद आईपीएल 2024 के लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का आत्मविश्वास मजबूत होगा।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) द्वारा मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से हराकर 14 मैचों में 14 अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त करने के बाद आरआर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई।

संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम अपने पिछले तीन गेम हार गई है और टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जाने से पहले जीत की राह पर लौटने का लक्ष्य बना रही है। रॉयल्स ने लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत की और पूरे सीजन में शीर्ष चार में बने रहे। पिछले लगातार तीन मैचों में पिछडऩे के बावजूद राजस्थान 12 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है।



रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, "उन्होंने पूरे सीजन में अच्छा खेला है और यह एक भाग्यशाली मौका है जो उन्हें एक महत्वपूर्ण समय पर मिला है जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसलिए इससे उन्हें अपने अगले 2 मैचों के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।

पंजाब के बाद, जयपुर स्थित फ्रेंचाइजी अपने अंतिम लीग चरण मुकाबले में टेबल टॉपर्स कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दिग्गज क्रिकेटर का मानना है कि राजस्थान को पंजाब के खिलाफ जीत का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि कोलकाता कड़ी चुनौती देगी।

रायडू ने कहा, बेशक, वे अगला मैच जीतना पसंद करेंगे जो वे खेल रहे हैं और आदर्श रूप से उन्हें जीतना चाहिए क्योंकि वे जो अंतिम मैच खेलेंगे वह केकेआर के खिलाफ है। मुझे नहीं लगता कि केकेआर उन्हें कुछ भी आसान देगा, क्योंकि वे आरआर के बारे में डरे होंगे। आरआर ने टूर्नामेंट में जो फॉर्म दिखाया है, उसे देखते हुए प्लेऑफ में आ रहा है, खासकर शीर्ष 2 में।

## आईपीएल 2024 : दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रन से हराया

**नई दिल्ली**

यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रनों से हरा दिया।



अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स के अर्धशतकों के बाद डीसी ने 208/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, इशांत ने पांचवें ओवर में एलएसजी को 44/4 पर ला दिया। जहां निकोलस पूरन ने 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं अरशद ने नाबाद 58 रनों की पारी खेली।

208 के बचाव में इम्पैक्ट प्लेयर इशांत ने पावर-प्ले में एलएसजी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया।

अक्षर पटेल की पहली गेंद पर मार्कस स्टोइनिस ने पिच पर डांस किया, लेकिन वह गेंद चूक गए, जो काफी टर्न हुई और आसानी से स्टंप हो गई। पूरन ने अक्षर को छोटे सीमा क्षेत्र पर दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर एलएसजी की पारी में कुछ गति ला दी।

हालांकि पूरन ने दो और छक्के और एक चौका लगाया, जिसमें कुलदीप यादव की गेंद पर रिवर्स-स्वीप भी शामिल था, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिल रहा था, क्योंकि ईशांत ने हुडा को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, जबकि आयुष बदोनी ने ट्रिस्टन स्टब्स के खिलाफ लॉन्ग-ऑफ पर पैर की अंगुली से गेंद को आउट किया।

पूरन ने गुलबदीन नाइब को लगातार चौके लगाकर एक अकेली लड़ाई जारी रखी और 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेकिन उनकी जवाबी पारी 12वें ओवर में समाप्त हो गई, जब अक्षर ने मुकेश कुमार की गेंद पर कवर पर शानदार कैच लिया। एक बार जब क्रुणाल को कुलदीप की गेंद पर स्टंप आउट किया गया, तो ऐसा लगा कि डीसी जीत की ओर अग्रसर होगा।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

***मिथुन :*** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय जरुर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

***कर्क:*** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा।

***कन्या:*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे।

***तुला:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा।

## कमल हासन की ठग लाइफ से सिलंबरासन का दमदार लुक हुआ रिवील

साउथ सुपरस्टार कमल हासन अपनी पिछली रिलीज फिल्म विक्रम से धमाका करने के बाद अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म ठग लाइफ से चर्चा में हैं. कमल हासन के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. इस फिल्म को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज डायरेक्टर मणिरत्नम डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में कमल हासन को मिलाकर सात स्टार हैं और अब फिल्म में आठवें स्टार की भी एंट्री हो गई है. फिल्म में शामिल हुए साउथ स्टार सिलंबरासन टीआर की एंट्री हो गई है. मेकर्स ने सिलंबरासन टीआर का फिल्म ठग लाइफ से एक्शन पैक्ड फर्स्ट लुक शेयर किया है और साथ ही एक एक्शन पैक्ड टीजर भी रिलीज हुआ है.



बता दें, साउथ स्टार सिलंबरासन टीआर के फर्स्ट लुक की बात करें तो वह कार में बैठे आंखों पर चश्मा चढ़ाए हाथ में गन थामे हुए हैं. वहीं, टीजर में आप देखेंगे कि कैसे एक्टर ने कार में स्टंट कर खुद को ग्लोरिफाई किया है. बता दें, इस फिल्म में साउथ हसीन तृषा कृष्णन, जयम रवि, ऐश्वर्या लक्ष्मी, गौतम कार्तिक, जोजू जियॉर्ज, कमल हासन, दुलकर सलमान की पहले ही एंट्री हो चुकी है.

बता दें, ठग लाइफ कमल के करियर की 234वीं फिल्म है, जिसकी शूटिंग जनवरी 2024 में शुरू हो चुकी है. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है, लेकिन मल्टी स्टारर इस फिल्म में मणिरत्नम बड़ा धमाका करने जा रहे हैं.

## धनुष की रायन का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन आउट, फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस

साउथ मेगास्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म रायन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म सिनेमाघरों में जून 2024 को रिलीज होगी. तब तक मेकर्स भी फैंस की एक्साइटमेंट को बरकरार रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन रिलीज कर दिया है. जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है. हाल ही में धनुष ने रायन का धांसू पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी. इसके साथ ही उन्होंने बताया था कि फिल्म




का फर्स्ट सिंगल 9 मई को रिलीज किया जाएगा. तभी से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. मेकर्स ने ऑफिशियली पोस्टर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा था, अब डी वॉल्यूम बढ़ाने का टाइम आ गया है. रायन का पहला सिंगल 9 मई को आ रहा है. रायन जून 2024 में सिनेमाघरों में आएगी.

## राम पोथिनेनी की डबल आईस्मार्ट के टीजर के रनटाइम से उठा पर्दा, फिल्म के नए पोस्टर ने मचाई धूम

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। उन्होंने ट्रेलर की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। वहीं, अब उन्होंने टीजर के रनटाइम का खुलासा किया है।

निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए टीजर रिलीज का भी खुलासा किया था। निर्माताओं ने घोषणा की थी कि है कि फिल्म का टीजर आज 15 मई, 2024 को लॉन्च किया जाएगा। इस दिन अभिनेता राम पोथिनेनी का जन्मदिन भी है। वहीं अब टीजर सेंसर बोर्ड से पास हो चुका है और निर्माताओं ने इसकी अवधि का भी खुलासा किया है।

फिल्म का टीजर वीडियो 85 सेकंड का होगा। निर्माताओं ने एक्स अकाउंट पर एक नोट साझा करते हुए टीजर के बारे में अपडेट




दिया। उन्होंने लिखा, उस्ताद राम पोथिनेनी के आगमन का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए। डबल आईस्मार्ट दोगुना मैडनेस की खुराक, टीजर के 85 सेकंड लोड हो रहे हैं। डबल आईस्मार्ट का टीजर आज 15 मई को रिलीज हो रहा है। क्या आप तैयार हैं।

इससे पहले टीजर की रिलीज डेट का एलान करते हुए निर्माताओं ने नया पोस्टर भी जारी किया था, जिसमें अभिनेता के किरदार की नई झलक देखने को मिली थी। डबल आईस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाथ और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले मुंबई में शुरू हुई थी।


## शब्द सामर्थ्य- 58

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 057 का हल**



## सू-दोकू- 58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.057 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |